Uttarakhand Tourism

# उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, (यू0टी0डी0बी0)

पं0 दीन दयाल उपाध्याय, पर्यटन भवन, निकट ओ0एन0जी0सी0 हैलीपैड, गढ़ीकैन्ट, देहरादून–248001 फोनः 0135–2559898 फैक्सः 0135–2559988

वेबसाईट–www.uttarakhandtourism.gov.in

ईमेल–tourismkarmik@gmail.com

संख्या–3828/2–2–557/2019 दिनांक– 13 नवम्बर, 2019

## –:विज्ञप्ति::–

शासनादेश संख्या–2523/VI(1)/2019–10(9)/2019, दिनांक–31.10.2019 द्वारा उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग हेतु प्रतिनियुक्ति के आधार पर निर्धारित योग्यता रखने वाले भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर अपना बायोडाटा विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 01 माह के भीतर (दिनांक–13/12/2019 सायं 05:00 बजे तक) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद को उक्त पते पर डाक अथवा ईमेल–**tourismkarmik@gmail.com** पर प्रेषित/प्राप्त कराया जाना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन–पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

| क्र0 स0 | पद का नाम व वेतनमान | पद की संख्या | भर्ती का स्रोत | नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अपर मुख्यकार्यकारी अधिकारी (वेतन मैट्रिक्स लेवल–12) रू0–78800–209200 | 01 | प्रतिनियुक्ति द्वारा | अखिल भारतीय सेवा **अथवा** सेना/अर्द्धसेना के कर्नल रैंक से अनिम्न अधिकारी |

सामान्य जानकारीः–

- विज्ञापित पद पर चयन, विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। अन्तिम चयन के सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा, जो किसी भी न्यायालय में चुनौती पूर्ण नहीं होगा।
- साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होंगे।
- इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी आदि विभागीय वेबसाईट–**www.uttarakhandtourism .gov.in** पर उपलब्ध है।

**(दिलीप जावलकर),**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**Uttarakhand Tourism Development Board, (UTDB)**
**PT. Deen Dayal Upadhyay, Paryatan Bhawan,**
**Near O.N.G.C. Helipad, Nimbuwala, Garhi Cantt,**
**Dehradun-248 003, Ph. 91-135-2559898, Fax, 91-35-2559988,**
**Website-www.uttarakhandtourism.gov.in, Email-tourismkarmik@gmail.com**

**No.:3820/ 2-2-557/2019** **Dated: 13th. November, 2019**

## Notice

Applications are invited from eligible Indian citizens having desired qualification for the post created under UTDB vide GO No-2523/VI(1)/2019-10(9)/2019, Date: 31.10.2019 in Adventure Wing on deputation basis. Interested candidate should send their Bio data through registered post or by email on **tourismkarmik@gmail.com** to CEO, UTDB within one month from date of publication of advertisement (13.12.2019 at 5:00 PM). No application after due date & time will be entertained.

| Sl. No. a | Name of the Post and Pay Scale | Number of Post | Source of Recruitment | Minimum eligibility |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Additional Chief Executive Officer (Pay Matrix Level-12) Rs.78800-209200 | 01 | On Deputation | All India Services or Army/semi Armed Forces not below the rank of Colonel. |

**General Information:-**

- Selection on advertised post will be done by departmental selection committee. The decision of the Chief Executive Officer regarding the selection will be final and will not be challengeable in any court.
- No travel/dearness allowance will be payable for appearing in the interview.
- In this regard, detailed information is available on departmental website- **www.uttarakhandtourism.gov.in**

**(Dilip Jawalkar)**
Chief Executive Officer

संख्या 2523 /VI(1)/2019-10(9)/2019

प्रेषक,

**दिलीप जावलकर**
सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवामें,

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद
गढ़ीकैन्ट,देहरादून।

**पर्यटन अनुभाग**

**देहरादून: दिनांक 31 अक्टूबर,2019**

**विषय: उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के कार्मिक ढांचे के निर्धारण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-196/2-2-557(टी0सी0)/2019, दिनांक 19 अगस्त,2019 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-3148/VI/2011-315(पर्य0)/2001, दिनांक 22 दिसम्बर,2011 द्वारा पर्यटन निदेशालय/उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद में क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी/जिला पर्यटन विकास अधिकारी के कुल सृजित 13 पदों में से मात्राकृत कर जिला साहसिक खेल अधिकारी के 02 पद तथा शासनादेश संख्या-2745/VI/2015-1(4)/2004, दिनांक 07 जनवरी,2015 द्वारा सृजित वरिष्ठ साहसिक तथा साहसिक खेल अधिकारी के कुल 13 पदों के अतिरिक्त, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग हेतु, निम्न तालिका के क्रमांक-1, 2, 3, 7, 8 एवं 9 पर अंकित कुल 19 अस्थायी पद, दिनांक 29 फरवरी,2020 तक, बशर्ते कि उक्त पद इससे पूर्व समाप्त न कर दिये जायं, सृजित किये जाने एवं साहसिक पर्यटन विंग का कार्मिक ढांचा तद्नुसार निर्धारित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

| क्रमांक | पदनाम | पद संख्या | वेतनमान | भर्ती का स्रोत | भर्ती/नियुक्ति हेतु अहर्ताएं | अभुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (नया पद) | 01 | 78800-209200 (Level-12) | प्रतिनियुक्ति द्वारा | अ0भा0से0 के अधिकारी अथवा सेना/अर्द्धसेना के कर्नल रैंक से अनिम्न अधिकारी की प्रतिनियुक्ति | - |
| 2 | विषय विशेषज्ञ (थल क्रीड़ा, जल क्रीड़ा एवं वायु क्रीड़ा) (नये पद) | 03 | ₹70000/- प्रतिमाह नियत मानदेय। | संविदा/नियत वेतन (चयन समिति के माध्यम से खुले बाजार से चयन) | इस पत्र के **<u>अनुलग्नक-1</u>** के अनुसार | थल क्रीड़ा, जल क्रीड़ा व वायु क्रीड़ा से सम्बन्धित तकनीकी कार्य हेतु |
| 3 | उप निदेशक, साहसिक खेल (नया पद) | 01 | 67700-208700 (Level-11) | जिला साहसिक खेल अधिकारी पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। | जिला साहसिक खेल अधिकारी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा | इनकी तैनाती उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के मुख्यालय पर होगी। |
| 4 | जिला साहसिक खेल अधिकारी (पदनाम/संवर्ग परिवर्तित पद) | 02 | 56100-177500 (Level-10) | वरिष्ठ साहसिक खेल अधिकारी पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। | वरिष्ठ साहसिक खेल अधिकारी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा | ये पद शासनादेश संख्या-3148/VI/2011-315(पर्य0)/2001, दिनांक 22 दिसम्बर,2011 द्वारा पर्यटन निदेशालय/UTDB में RTO/DTDO के कुल सृजित 13 पदों में से मात्राकृत माने जायेंगे। |
| 5 | वरिष्ठ साहसिक खेल अधिकारी (शासनादेश संख्या-2745/VI/2015-1(4)/2004, दिनांक 07 जनवरी,2015 द्वारा पूर्व से सृजित पद) | 02 | 44900-142400 (Level-7) | साहसिक खेल अधिकारी पदधारकों से पदोन्नति द्वारा | साहसिक खेल अधिकारी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा | वर्तमान में सृजित पदों की सीमा तक/जनपद स्तर पर साहसिक खेल कार्यों का संचालन। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | साहसिक खेल अधिकारी (शासनादेश संख्या-2445/VI/2015-1(4)/2004, दिनांक 07 जनवरी,2015 द्वारा पूर्व से सृजित पद) | 11 | 35400-112400 (Level-6) | (1) 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा।<br>(2) 50 प्रतिशत पद फील्ड सहायक / अनुदेशक पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। | (1) सीधी भर्ती हेतु इस पत्र के **<u>अनुलग्नक-2</u>** के अनुसार।<br>(2) प्रोन्नति हेतु अनुदेशक पद पर न्यूनतम 06 वर्ष की सेवा। | वर्तमान में सृजित पदों की सीमा तक/ जनपद स्तर पर साहसिक खेल कार्यों का संचालन। |
| 7 | फील्ड सहायक (अनुदेशक) (नये पद) | 11 | 29200-92300 (Level-5) | उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती | इस पत्र के **<u>अनुलग्नक-3</u>** के अनुसार | जनपद स्तर पर साहसिक खेल अधिकारियों के सहायक। |
| 8 | कनिष्ठ सहायक (नये पद) | 02 | 21700-69100 (Level-3) | कनिष्ठ सहायक के 02 अतिरिक्त पद उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के कार्मिक ढांचे में सृजित माने जायेंगे। इन पदों के पदधारकों की भर्ती/प्रोन्नति आदि की कार्यवाही परिषद के कार्मिक ढांचे में पूर्व से सृजित पदों के सन्दर्भ में लागू नियमों के तहत की जायेगी। | | कार्यालय के कार्य के सम्पादन हेतु |
| 9 | बहुद्देशीय कर्मचारी (नया पद) | 01 | समकक्ष आउटसोर्सिंग के पदों/कार्यों हेतु नियमानुसार देय। | उत्तराखण्ड सरकार से मान्यताप्राप्त किसी सेवा प्रायोजक संस्था के माध्यम से आउटसोर्सिंग | कक्षा-8 की परीक्षा उत्तीर्ण | कार्यालय के कार्य के सम्पादन हेतु |

**2-** पर्यटन निदेशालय/उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के कार्मिक ढांचे/पदों के सृजन सम्बन्धी पूर्व शासनादेश उपरोक्त सीमा तक संशोधित माने जायेंगे।

**3-** उपरोक्तानुसार ढांचे के निर्धारण/पदों के सृजन के फलस्वरूप संगत सेवा-विनियमों में अपेक्षित संशोधन यथाशीघ्र सुनिश्चित कर लिये जायेंगे।

**4-** ये आदेश वित्त विभाग के अ0शा0सं0-832/XXVII(7)/19, दिनांक 25 अक्टूबर,2019 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

**<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>**

भवदीय,

**(दिलीप जावलकर)**
सचिव

**<u>संख्या एवं दिनांक-तदैव।</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग/कार्मिक विभाग/खेल विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
(2) निदेशक पर्यटन, उत्तराखण्ड, देहरादून।
(3) आयुक्त, गढ़वाल मण्डल/ कुमायूं मण्डल, पौड़ी/ नैनीताल।
(4) निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
(5) समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
(6) गार्ड फाईल।

**(श्याम सिंह)**
संयुक्त सचिव

<u>अनुलग्नक-1</u>

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के कार्मिक ढांचे में प्रस्तावित विषय विशेषज्ञ थल क्रीड़ा), जल क्रीड़ा व वायु क्रीड़ा (के संविदा आधारित पदों पर भर्ती हेतु अहर्ताएं ।

**(अ) थल क्रीड़ा**

(1) शैक्षिक योग्यता-स्नातक
(2) पर्वतारोहण में मान्यताप्राप्त संस्थान से Basic Advanced Search & Rescue Insructor Course उत्तीर्ण
(3) 8000 मीटर की उंचाई के 01 पर्वत का सफलतापूर्वक आरोहण।
(4) 7000 मीटर की उंचाई के 02 पर्वतों का सफलतापूर्वक आरोहण।
(5) मान्यताप्राप्त संस्थान से स्कीईंग में बेसिक इण्टरमिडिएट, Advance Mathod of Insructor Course उत्तीर्ण।

अथवा

(1) स्कीईंग की 01 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग।
(2) स्कीईंग की 02 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व ।

**(आ) जल क्रीड़ा**

(1) शैक्षिक योग्यता-स्नातक
(2) जल-क्रीड़ा (क्याकिंग/रोईंग/कनोईंग) में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की किसी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व ।
(3) जल-क्रीड़ा की राष्ट्रीय स्तर की 02 प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग।

**(इ) वायु क्रीड़ा**

(1) शैक्षिक योग्यता-स्नातक
(2) अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पायलट रैंकिग प्राप्त।
(3) वायु-क्रीड़ा सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की 01 प्रतियोगिता में प्रतिभाग।
(4) वायु-क्रीड़ा सम्बन्धी राष्ट्रीय स्तर की 02 प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग।
(5) एयरो स्पोर्ट्स में बेसिक इण्टरमिडिएट एडवांस कोर्स क्वालीफाईड।
(6) मास्टर अनुदेशक के रूप में पी0-5 स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त प्रमाण-पत्र ।
(7) SIV कोर्स क्वालीफाईड।
(8) अनुदेशक के रूप में कार्य का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव।

अनुलग्नक-2

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के कार्मिक ढांचे में सृजित साहसिक खेल अधिकारी के पदों पर भर्ती हेतु अहर्ताएं ।

(अ) अनिवार्य अहर्ताएं

(1) शैक्षिक योग्यता-स्नातक
(2) किसी मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय/प्रादेशिक संस्थान से "ए" श्रेणी में एडवान्स माउंटेनियरिंग या वाटर स्पोर्ट्स या एयरो स्पोर्ट्स में एडवान्स कोर्स।
(3) साहसिक खेलों की दो विधाओं में बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त।
(4) किसी भी साहसिक गतिविधि में राष्ट्रीय स्तर के तीन अभियानों /प्रतियोगिताओं में भागीदारी।

(आ) अधिमानी अहर्ताएं

(1) साहसिक थल क्रीड़ा में एवरेस्ट आरोही/अर्जुन पुरस्कार/ राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार।
(2) साहसिक खेलों की तीनों विधाओं में बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त।
(3) 6000 मीटर से अधिक ऊंचाई की कम से कम तीन चोटियों पर पर्वतारोहण अभियानों में भागीदारी एवं एक चोटी पर पर्वतारोहण पूर्ण अथवा विन्टर स्पोर्ट्स, एयरो स्पोर्ट्स एवं वाटर स्पोर्ट्स की किसी विधा में दो बार राष्ट्रीय प्रतियोगी के रूप में भागीदारी एवं एक विधा में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त।
(4) हिन्दी व अंग्रजी भाषाओं को लिखने, पढ़ने व बोलने का ज्ञान।
(5) हिमालयी क्षेत्र व विशेषकर उत्तराखण्ड क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान।
(6) नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी से सर्च एवं रेस्क्यू प्रशिक्षण एवं माउन्टेन गाईड प्रशिक्षण प्राप्त।

या

(I) पी0-4 लेवल का प्रशिक्षण एवं 02 वर्ष का अनुदेशक के रूप में कार्य का अनुभव।

या

(II) जल क्रीड़ा में 02 बार राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व।

या

(III) वायु क्रीड़ा में 02 बार राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व।

(7) कम्प्यूटर का ज्ञान।

<u>अनुलग्नक-3</u>

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अधीन साहसिक पर्यटन विंग के कार्मिक ढांचे में प्रस्तावित फील्ड सहायक/अनुदेशक के पदों पर भर्ती हेतु अहर्ताएं।

(अ) अनिवार्य अहर्ताएं

(1) शैक्षिक योग्यता-स्नातक
(2) किसी मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय/प्रादेशिक संस्थान से "ए" श्रेणी में एडवान्स माउंटेनियरिंग या वाटर स्पोर्ट्स या एयरो स्पोर्ट्स में एडवान्स कोर्स।
(3) साहसिक खेलों की कम से कम एक विधा में बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त।
(4) किसी भी साहसिक गतिविधि में राष्ट्रीय स्तर के दो अभियानों /प्रतियोगिताओं में भागीदारी।

(आ) अधिमानी अहर्ताएं

(1) साहसिक थल क्रीड़ा में एवरेस्ट आरोही/अर्जुन पुरस्कार/ राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार।
(2) साहसिक खेलों की दो विधाओं में बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त।
(3) 6000 मीटर से अधिक ऊंचाई की कम से कम तीन चोटियों पर पर्वतारोहण अभियानों में भागीदारी अथवा विन्टर स्पोर्ट्स, एयरो स्पोर्ट्स एवं वाटर स्पोर्ट्स की किसी विधा में एक बार राष्ट्रीय प्रतियोगी के रूप में भागीदारी एवं एक विधा में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त।
(4) हिन्दी व अंग्रजी भाषाओं को लिखने, पढ़ने व बोलने का ज्ञान।
(5) हिमालयी क्षेत्र व विशेषकर उत्तराखण्ड क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान।
(6) नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी से सर्च एवं रेस्क्यू प्रशिक्षण एवं माउन्टेन गाईड प्रशिक्षण प्राप्त।

या

(I) पी0-4 लेवल का प्रशिक्षण एवं 01 वर्ष का अनुदेशक के रूप में कार्य का अनुभव।

या

(II) जल क्रीड़ा में 01 बार राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व।

या

(III) वायु क्रीड़ा में 01 बार राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व।

(7) कम्प्यूटर का ज्ञान।